# काजरी में सतर्कता जागरूकता समारोह का आयोजन

दिनांक 27 अक्टूबर 2025, जोधपुर




दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के निदेशक (कार्य.) डॉ. सुरेश पाल सिंह तंवर ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की थीम “सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी” के साथ संस्थान के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलवाई | इस अवसर पर डॉ. तंवर ने काजरी के समस्त स्टाफ को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि सतर्कता के प्रति जागरूक होना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है | केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर तथा इसके जैसलमेर, पाली, भुज, बीकानेर तथा लेह स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशनों में दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा | इस दौरान सतर्कता के प्रति जागरूक करने के लिये काजरी में स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, संगोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा |